प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वाराणसी में चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडियों को करेंगे रवाना।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी भोपाल में किया स्वदेशी मेले का शुभारंभ।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से अंगोला और बोत्स्वाना की यात्रा पर।
- राजधानी भोपाल समेत प्रदेषभर में ठंड बढ़ी। सबसे कम तापमान राजगढ़ में दर्ज।

प्रधानमंत्री–वाराणसी दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उत्तर प्रदेश के वाराणसी में चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडियों को रवाना करेंगे। इनमें एक विशेष ट्रेन वाराणसी से मध्य प्रदेश के खजुराहो के बीच चलेगी। यह रेलगाड़ी प्रयागराज, चित्रकूट और खजुराहो सहित अन्य प्रतिष्ठित धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को जोड़ेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा प्रधानमंत्री श्री मोदी बनारस (पूर्व मंडुवाडीह) रेलवे स्टेशन से इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

इससे पहले श्री मोदी कल शाम ही अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे, जहां शहरवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

स्वदेशी मेला–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल राजधानी भोपाल के मोतीलाल विज्ञान आदर्श महाविद्यालय प्रांगण में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित स्वदेशी मेले का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेला परिसर में स्थापित प्रभु श्रीराम की प्रतिमा का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर श्रीराम स्तुति की प्रस्तुति दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अंगवस्त्रम एवं ब्रह्मोस मिसाइल की प्रतिकृति भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने लघु उद्यमियों द्वारा लगाए विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन भी किया और स्वदेशी उत्पादों की जानकारी प्राप्त की।

वंदे मातरम स्मरणोत्सव

राष्ट्रगीत "वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुना में क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रगीत का सामूहिक गान किया गया। ग्वालियर में भी देश भर के साथ उत्साह व उमंग के साथ राष्ट्रगीत "वंदे मातरम् समारोहपूर्वक गाया गया। मण्डला जिले में मैराथन दौड़ तथा सामूहिक राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छिंदवाड़ा, खंडवा समेत अन्य जिलों में भी राष्ट्रगीत कार्यक्रम आयोजित किए गए। इंदौर जिला पंचायत कार्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन कार्यक्रम आज से होगा। इसके बाद 10 नवम्बर को नगरीय विकास एवं आवास विभाग के द्वारा सभी नगरीय निकायों में वंदे मातरम् गीत का गायन कराया जाएगा।

बुद्ध अवशेष–थिम्पू

नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय में स्थापित भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को आज ग्यारह दिन की सार्वजनिक प्रदर्शनी के लिए भूटान ले जाया जाएगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। संस्कृति मंत्रालय ने बताया कि यह प्रदर्शनी, थिम्पू में आयोजित वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव का एक हिस्सा है। भूटान के चौथे राजा की 70वीं जयंती के अवसर पर आयोजित हो रहा यह महोत्सव, वैश्विक शांति और मानवता की भावना को रेखांकित करता है। इन अवशेषों को ताशिचो द्ज़ोंग के कुएनरे हॉल में सार्वजनिक पूजा के लिए स्थापित किया जाएगा।

एनआईए–विशाखापत्तनम मामला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए की एक विशेष अदालत ने पाकिस्तान से जुड़े विशाखपट्टणम नौसेना जासूसी मामले में दो और आरोपियों को कारावास की सजा सुनाई है। विशाखपट्टणम की विशेष अदालत ने दोनों आरोपियों को 5 साल 10 महीने के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। एनआईए ने कहा कि इस मामले में अब तक कुल छह आरोपियों को दोषी ठहराया जा चुका है और सजा सुनाई जा चुकी है। जाँच के अनुसार दोनों व्यक्ति एक सोशल मीडिया ऐप के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के संपर्क में आए थे। मामले में अन्य आरोपियों के खिलाफ जाँच और मुकदमा जारी है।

जीएसटी–उत्सव

जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। माल और सेवा कर–जीएसटी की दरों में कटौती के साथ यह बचत उत्सव 22 सितंबर को शुरू हुआ था। आज हमारे संवाददाता बता रहे हैं कि कृषि क्षेत्र में जी1एसटी की नई दरों से नागरिकों को कैसे लाभ हो रहा है।

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों ने आवश्यक मशीनरी और खाद्य उत्पादों पर कर कम करके कृषि क्षेत्र को राहत प्रदान की है, जिससे लाखों किसानों के लिए खेती अधिक कुशल हो गई है। अमोनिया, सल्फ्यूरिक एसिड और नाइट्रिक एसिड जैसी उर्वरक संबंधी सामग्रियों पर अब 18 प्रतिशत की बजाय केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है, जिससे उर्वरक उत्पादन की लागत कम करने में मदद मिली है। इसी बीच, 1800 सीसी से कम इंजन वाले ट्रैक्टरों पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर केवल 5 प्रतिशत कर दिया गया है। जिससे मशीनीकरण और अधिक किफायती होने से किसानों को सीधा लाभ हुआ है। इसके अलावा, प्रसंस्कृत फलों और सब्जियों पर भी कर घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में पुणे के एक किसान राजाराम चौधरी ने कृषि वस्तुओं पर करों में कटौती के सरकार के कदम की सराहना की।केन्द्र सरकार ने जीएसटी में जो सस्ता किया है उसके कारण खेती के औजार खाद आदि बहुत सस्ता हो गया है जिसके कारण किसानों को बहुत सारे पैसे की बचत हो रही है। इन सुधारों का उद्देश्य कृषि में लाभ बढ़ाना, उत्पादन लागत कम करना और पूरे भारत में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। समर्थ और प्रिया की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से करिश्मा राय।

राष्ट्रपति–अफ्रीका यात्रा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से अंगोला और बोत्स्वाना की यात्रा पर रहेंगी। ये किसी भारतीय राष्ट्रपति की इन दो अफ्रीकी देशों की पहली यात्रा होगी। 13 नवम्बर तक चलने वाली यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु अपने समकक्षों से द्विपक्षीय वार्ता करेंगी, वहां की संसदों को संबोधित करेंगी और भारतीय समुदाय के लोगों से बातचीत करेंगी। श्रीमति मुर्मु, 11 नवम्बर को अंगोला के 50वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेंगी। इस यात्रा का उद्देश्य मौजूदा द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करना और भविष्य में सहयोग के नए अवसरों की तलाश करना है।

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गीता जयंती, अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के प्रदेश में गरिमापूर्ण आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जाएं। इसके साथ ही ऑनलाइन श्रीमद् भगवद् गीता ज्ञान प्रतियोगिता में अधिकाधिक भागीदारी के प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रदेश में 7 से 25 नवंबर की अवधि में ऑनलाइन श्रीमद् भगवद् गीता ज्ञान प्रतियोगिता हो रही है।

मौसम

राजधानी भोपाल समेत प्रदेष में अब ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, ग्वालियर–चंबल, नीमच, मंदसौर, टीकमगढ और छतरपुर सहित कई जिलों में रात का तापमान में काफी गिरावट आई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी षुरू हो चुकी है, जिसका असर प्रदेष में भी दिखने लगा है। फिलहाल प्रदेष में ठंडी हवाएं सक्रिय हैं और तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटे के दौरान सबसे कम न्यूनतम तापमान राजगढ़ में नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया; जबकि सबसे अधिक तापमान सिवनी में 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- जबलपुर में पहली बार भारत गोल्फ महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन आज से शुरू हो रहा है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, सांसद और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा और देश भर के गोल्फ खिलाड़ी मौजूद रहेंगे।
- रीवा में आयोजित अखिल भारतीय साहित्य परिषद के 17वें अधिवेशन का शुभारंभ पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया। कृष्णा राज कपूर आडिटोरियम में आयोजित समारोह में पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि अधिवेशन का मूल वाक्य आत्मबोध से विश्वबोध है।
- पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता मे नर्मदापुरम जिले की पचमढ़ी के संजय गांधी युवा नेतृत्व तथा ग्रामीण विकास प्रशिक्षण संस्थान में शासी परिषद की कल एक बैठक आयोजित की गई।
- आगरमालवा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की अवधि में जिले के शासकीय अधिकारी–कर्मचारियों के अवकाश, स्थानांतरण, तैनाती को प्रतिबंधित किया है।
- देश में रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जबलपुर की व्हीकल फैक्ट्री में तीन दिवसीय इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉन्क्लेव–2023 की शुरुआत हुई। यह कार्यक्रम 9 नवंबर तक चलेगा।
- डिंडौरी में जिले में सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डिंडौरी के निर्देशानुसार पूरे जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।
- शिवपुरी जिले में खाद वितरण हेतु ई–टोकन प्रणाली को 10 नवंबर से लागू किया जा रहा है। इसके लिए ई–टोकन के पंजीयन शुरू हो गया है।

-------